# अमरोहा नगर पालिका परिषद

## नागरिक बजट 2024-25

प्रिय अमरोहा वासियों!

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बजट पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो एक जीवंत और समृद्ध अमरोहा के लिए हमारी सामूहिक दृष्टि को प्रदर्शित करता है। हमारा लक्ष्य अमरोहा के प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी, पारदर्शिता और अकाउंटेबिलिटी के साथ सेवा देना है।

इस वर्ष का बजट अमरोहा के हमारे साथी नागरिकों की जरूरतों और आकांक्षाओं को प्राथमिकता देने की हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। जैसे कि इस साल पालिका मानसून के दौरान जल संचयन और बीमारियों की रोकथाम के लिए नालों की नियमित सफाई जैसे कई पहल करेगी। हम औद्योगिक क्षेत्र को प्राथमिकता देंगे इन क्षेत्रों से अर्जित संपत्ति कर राजस्व एकत्र करके क्षेत्र का विकास करना, साथ ही विकास को बढ़ावा देना और नये रोजगार का निर्माण करना।

पशु कल्याण के अपने प्रयास में, हम आवारा गायों को बचाने के लिए अपनी गौशाला का विस्तार करेंगे।इसके अतिरिक्त, सेल्फी प्वाइंट बनाकर, पार्क विकसित करके, वेंडिंग जोन आदि के माध्यम से मनोरंजक स्थानों को बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं, जिससे सभी नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

हम अमरोहा को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने के लिए उपर्युक्त और कई अन्य पहल करके बेहतर सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लेते हैं। हम प्रत्येक नागरिक से अमरोहा के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हैं।

हार्दिक धन्यवाद



**श्रीमती शशि जैन**
(अध्यक्ष)



**डॉ.बृजेश कुमार**
(अधिशासी अधिकारी)

## अपने शहर को जानें

**2,58,714 जनसंख्या**



**40 वार्ड**

## नगर पालिका की मुख्य भूमिका और कार्य इस प्रकार है

- जल आपूर्ति, स्वच्छता और सफाई
- सड़कों और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और रखरखाव
- सामाजिक और सांस्कृतिक विकास
- टैक्स संग्रहण और वित्तीय प्रबंधन
- स्वास्थ्य सेवाएं



## आपको बजट क्यों जानना चाहिए?

बजट आपको अपने शहर में नगर पालिका द्वारा अर्जित आय के स्रोतों तथा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवा ओर योजनाओं में व्यय की पारदर्शिता दर्शाता है। नागरिकों को बजट से नगर पालिका परिषद् द्वारा शहर में किया जा रहे विकास कार्यों एवं सुधार के लिए दी जा रही सेवाओं तथा प्राप्त राजस्व आय की उपयोगिता को जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलती है ।


## वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये जाने वाले प्रमुख कार्य

| | |
|---|---|
| **10 वार्डों में 10,000 से अधिक लोगों को पीने का पानी** उपलब्ध कराया जाएगा। यह **275.9 लाख रुपये** की लागत से **12,490 मीटर पानी की पाइपलाइन** बिछाकर किया जाएगा | **24.9 लाख** रुपये की लागत से जल पंप और ट्यूबवेल स्थापित करके **7300 लोगों के लिए घरेलू जल** आपूर्ति में सुधार करना |
| शहर में वायुजनित बीमारियों को रोकने के लिए अधिक फॉग मशीनें खरीदकर और विशेष रूप से मानसून के दौरान नियमित रूप से फॉगिंग कराये जाने का लक्ष्य है | शहर के **तालाबों की सफाई और रखरखाव** कर उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए **26.6 लाख रुपये** खर्च किये जायेंगे |
| पूरे अमरोहा में नालों के रखरखाव और निर्माण द्वारा शहर के बरसाती पानी की निकासी में सुधार के लिए 499.95 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे | ऑपरेशन कायाकल्प के तहत **75.51 लाख रुपये** की लागत से 8 **प्राथमिक विद्यालयों की सुविधाओं और बुनियादी** ढांचे में सुधार किया जायेगा |
| सड़क सुधारीकरण के तहत अमरोहा शहर में 253.24 लाख की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है | नगर पालिका के सीमा विस्तार के चलते 496 लाख रुपये के विभिन्न स्ट्रीट लाइट व पोल लगाने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित ह |
| **अमृत 2.0 के तहत 104.96 लाख रुपये की लागत से नगर के रायपुर तालाब का विकास होगा**, जिससे अमरोहा के नागरिकों को सार्वजनिक स्थान मिलने से लाभ होगा | वंदन योजना के तहत प्राचीन वासुदेव तीर्थ स्थल में बुनियादी ढांचे के सुधार और विकास पर 200 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे उस क्षेत्र की यातायात स्थिति में सुधार होगा |

बजट अनुमान 2024–25 के आधार पर


# बजट के हाईलाइट

## वर्ष 2024–25 में पालिका का पैसा कहां से आएगा ?





नगर पालिका अपना पैसा कई संसाधनों से अर्जित करती है, जैसे कि उसकी अपनी आय जिसमें कर राजस्व (1.2%) और करेत्तर राजस्व (0.8%) शामिल हैं। पालिका की आय का सबसे बड़ा स्रोत अनुदान है, जो केंद्र सरकार (24.4%) और राज्य सरकार (69.9%) से प्राप्त होता है।

# वर्ष 2024–25 में पालिका का पैसा कहां खर्च होगा ?




पालिका वित्तीय वर्ष के लिए उद्देश्यों और प्राथमिकताओं के आधार पर अपना व्यय अनुमान बनाती है। इस वर्ष की जाने वाली प्रमुख पहलों के अनुसार, नागरिक कार्य (29.2%) और नाली की सफाई एवं जल निकासी (19.1%) क्षेत्रों में व्यय प्रतिशत सबसे अधिक है।

## बजट ट्रेंड





बजट अनुमान 2023–24 और 2024–25 के आधार पर

दो वर्षों के बजट अनुमानों की तुलना करने से पता चलता है कि पालिका नागरिक कार्य और नाली की सफाई एवं जल निकासी और अधिष्ठान और प्रशासनिक क्षेत्रों पर अधिकतम खर्च कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता और जलापूर्ति के अनुमान में वृद्धि हुई है, यह उन प्रमुख पहलों में भी देखा जाता है जो पालिका इस वर्ष अपनाएगी।

# वित्तीय वर्ष 2023–24 में किये गये कार्य

**1.**









अमरोहा में आज़ाद रोड पर गांधी प्रतिमा के पास नागरिकों के लिए और एयर क्वालिटी सुधार करने में मदद करने के लिए वर्टिकल गार्डन और 4 नए पार्क बनाए गए हैं

**2.**









पालिका ने प्रतिदिन 79 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण करके घर–घर से कचरा संग्रहण और कचरे के प्रसंस्करण में सुधार किया है

**3.**





अमरोहा को रहने योग्य और क्लाइमेट रेसिलीयेन्ट बनाने के लिए सड़कों और सार्वजनिक स्थानों का पुनर्विकास किया गया है। इस कार्य से पैदल चलने और सामाजिक संवादध/मेलजोल को प्रोत्साहन मिल रहा है

**4.**








नगर पालिका अमरोहा द्वारा 20 ट्यूबवेल, 10 ओवर हेड टैंक और 390 हैंडपंपों का रखरखाव और निर्माण करके लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति प्रदान की जा रही है

## जानकारी के लिए संपर्क करें

Email: econppamrjpn@nic-in | Phone: 05922259501